तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 11.7 डिग्री

हरिभूमि
हिसार भूमि
रोहतक, सोमवार, 31 मार्च 2025

11 केएल आर्य डीएवी स्कूल के वार्षिक उत्सव...

11 शिव धर्मशाला का भव्य लोकार्पण, विधायक...

खबर संक्षेप

हिसार। सत्यपाल अग्रवाल।

ज्योत से 421 अखंड ज्योत प्रज्जवलित

हिसार शहर के प्राचीनतम मंदिरों में से एक श्री देवी भवन मंदिर में नवरात्रों के शुभारंभ पर माता वैष्णो देवी से लाई गई ज्योत से 421 अखंड ज्योत जलाई गई। इस अवसर पर सजग के प्रदेशाध्यक्ष वास्तु आर्किटेक्ट सत्यपाल अग्रवाल ने ज्योत जलाते हुए माता के चरणों में नमन किया। उन्होने आज से आरंभ हुए नव संवत्सर व नवरात्र पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की।

नवसंवत्सर वैदिक नव वर्ष उत्सव मनाया

बरवाला। गांव खेदड़ में आर्य समाज के तत्वावधान में ऋषि वाणी लाइब्रेरी के प्रांगण में नवसंवत्सर वैदिक नववर्ष उत्सव व आर्य समाज स्थापना दिवस मनाया गया। इस नवसंवत्सर वैदिक नव वर्ष उत्सव पर यज्ञ किया गया। इस यज्ञ के यजमान डॉक्टर आर्य रणबीर रहे और मुख्य वक्ता आर्य समाज के प्रधान अनिल आर्य रहे। प्रधान अनिल आर्य ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे पूर्वज श्री राम, श्री कृष्ण इसी नव वर्ष को मनाया करते थे। हमारा देश जब से अंग्रेजों का गुलाम रहा तब से हमारा देश पश्चिम देशों की तरह नव वर्ष मनाने लग गए जो कि 1 जनवरी को आता है। आर्य ने कहा कि भारत देश की हर व्यवस्था वैदिक नव वर्ष के आधार पर हुआ करती थी।

टोल टैक्स बढ़ोतरी तुरंत वापिस ली जाए : एसयूसीआई

हिसार। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा 1 अप्रैल से बढ़ाए जाने वाले टोल टैक्स को तुरंत प्रभाव से वापिस लिया जाना चाहिए। सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ़ इंडिया कम्युनिस्ट (एसयूसीआई कम्युनिस्ट) पार्टी ने इसे खुली व बेलगाम लूट बताया है। एस यू सी आई कम्युनिस्ट के राज्य सचिव कॉमरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट व जिला सचिव तथा राज्य सचिव मंडल सदस्य मेहर सिंह बांगड़ ने कहा कि यह बढ़ोतरी अन्यायपूर्ण एवं जन विरोधी है।

अखिल भारतीय किसान सभा का सम्मेलन सम्पन्न

बरवाला। अखिल भारतीय किसान सभा पाबड़ा का सम्मेलन प्रधान ओमप्रकाश कुंडू की अध्यक्षता में हुआ। इस सम्मेलन में पर्यवेक्षक के तौर पर किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष सरबत सिंह पूनिया व तहसील सचिव दयानंद ढूकिया उपस्थित रहे। स इस दौरान आगामी तीन वर्ष के लिए किसान सभा पाबड़ा कमेटी का चुनाव किया गया। सरबत सिंह पूनिया व दयानंद ढुकिया ने बताया कि ओमप्रकाश कुंडू को पुनः प्रधान व मास्टर फूल सिंह को सर्व सम्मति से सचिव चुना गया।

लोन की साप्ताहिक किश्त को मासिक करने का झांसा देकर दुकानदार से 1.32 लाख की ठगी

वीडियो कॉल कर मांगा एटीएम पिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

साइबर ठगों ने एक किरयाना व्यापारी को ईएमआई की किस्त करने का झांसा देकर उससे एक लाख 32 हजार रुपए ठग लिए। ठगी का शिकार होने का अहसास होने पर दुकानदार ने साइबर हेल्पलाइन नंबर पर फोन कर शिकायत दर्ज कराई तथा हांसी साइबर थाना में शिकायत देकर साइबर ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

पुलिस को दी गई शिकायत में कोथ कलां निवासी प्रदीप ने बताया कि वह गांव में किरयाना की दुकान चलाता है। और उसने चार-पांच महीने पहले घरेलू जरूरत के लिए इंडसइंड बैंक से 3 लाख का लोन लिया था। जिसकी किश्तें उसके बैंक खाते से हर सप्ताह कटती थी। प्रदीप ने बताया कि 23 मार्च को उसके पास अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। और फोन करने वाले ने खुद को बैंक कर्मी बताते हुए कहा कि वह उसकी साप्ताहिक किश्त को वह मासिक में बदल देगा। जिससे उसको ब्याज कम लगेगा और उसे किश्त भरने के लिए समय अधिक मिलेगा और ब्याज भी कम लगेगा।

प्रदीप ने बताया कि उसके बैंक खाते से एक साथ 1 लाख 32 हजार रुपए कटते ही उसको एहसास हो गया कि फोन करने वाला व्यक्ति बैंककर्मी नहीं था और उसके साथ फ्रॉड हुआ है। इसके बाद उसने तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1903 पर शिकायत दर्ज करवा दी। और साइबर हेल्प लाइन पर शिकायत करते ही साइबर विंग ने उसके खाते को सीज कर दिया। उधर साइबर थाना हांसी ने प्रदीप की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ऐसे दिया ठगी को अंजाम

प्रदीप ने बताया कि उसके बाद 24 मार्च को उसके पास वॉट्सऐप वीडियो कॉल आई। जिसमें उन्होंने कहा कि क्या आपके बैंक लोन की किश्त मासिक करनी है। जिसके बाद उसके द्वारा हां कहे जाने के बाद उन्होंने किश्त मासिक करने के बहाने से उन्होंने उसका एटीएम नंबर व उसका पिन पूछ लिया। और उनके द्वारा एटीएम पिन पूछने के कुछ देर बाद उसके फोन पर उसके बैंक खाते से 1 लाख 32 हजार रुपए कटने का मैसेज आ गया।

बैठक में प्राइवेट स्कूल संघ ने शिक्षा में सुधार की मांग उठाई

वार्षिक आय व्यय व खर्च ब्यौरे की रिपोर्ट प्रस्तुत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हांसी। बैठक में भाग लेते प्राइवेट स्कूल संघ के सदस्य।

प्राइवेट स्कूल संघ हांसी की रविवार को संघ प्रधान रविन्द्र अत्री की अध्यक्षता में वार्षिक बैठक का आयोजन किया। बैठक में संघ डायरेक्टर राम अवतार सिंह ने वार्षिक आय व्यय व खर्च ब्यौरा की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में संघ सरपरस्त अनिल कुमार ने मांग की कि शहरी स्कूलों में लगने वाला गृहकर एकमुश्त 5000 रूपये किया जाए, चाहे स्कूल कितने भी क्षेत्र में फैला हो। स्कूल संचालक सतीश वर्मा ने कहा कि भिन्न-भिन्न स्कूलों की अलग-अलग समस्याएं होती है इसलिए सभी पोर्टल को एक बार खोला जाये ताकि स्कूल संचालक अपनी कमियों को पूरा कर सके। उन्होंने कहा कि सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों को पेपर पढ़ने के लिए 20 मिनट का समय दिया जाता है इसलिए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी को भी विद्यार्थियों को पेपर पढ़ने के लिए 20 मिनट अतिरिक्त समय देने का प्रावधान व चिराग योजना में प्रोमोटिड छात्रों को दाखिला लेते समय पोर्टल पर उसी समय चढ़ाने की अनुमति दिए जाने व स्कूल सोसाइटी टैक्स को माफ किए जाने की मांग की गई। इस अवसर पर प्रधान रविन्द्र अत्री ढण्ढेरी ने सभी स्कूल संचालकों से आह्वान किया कि वे सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं में विद्यार्थियों का दाखिला करें।

अग्रोहा में महाराजा अग्रसेन की विशाल प्रतिमा का अनावरण करेंगे शाह

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज हिसार में, तैयारियां पूरी

नवनिर्मित वातानुकूलित आईसीयू का लोकार्पण व पीजी हॉस्टल का होगा शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को ऐतिहासिक नगरी अग्रोहा पहुंचेंगे। वे अग्रोहा में महाराजा अग्रसेन की विशाल प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके साथ ही नवनिर्मित वातानुकूलित आईसीयू का लोकार्पण व पीजी हॉस्टल का शिलान्यास भी होगा। केन्द्रीय गृहमंत्री के आगमन को देखते हुए पुलिस, प्रशासनिक व सुरक्षा एजेंसियों ने पूरी तैयारी करते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद कर ली गई है।

हिसार। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगमन को लेकर तैयारियों का जायजा लेते प्रशासनिक अधिकारी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगमन के दृष्टिगत अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त अनीश यादव। फोटो :हरिभूमि

डीसी ने ली कॉलेज सभागार में बैठक

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के ऐतिहासिक नगरी अग्रोहा के दौरे की तैयारियों के चलते उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में कॉलेज के सभागार में बैठक हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्घा व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इससे पूर्व उपायुक्त अनीश यादव ने सभी अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थलों पर जाकर तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए।

शाह के दौरे के चलते तैयारियां पूरी

बैठक उपरांत उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अग्रोहा दौरे को लेकर तमाम तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

अधिकारियों की लगाई ड्यूटियां

उपायुक्त अनीश यादव ने बैठक में विभिन्न ड्यूटियां भी निर्धारित की, जिनमें सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का दायित्व पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन को सौंपा गया, जबकि मुख्य मंच और आतिथ्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्घा और एसडीएम ज्योति को दी गई। चिकित्सा सुविधाओं के लिए सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत को एम्बुलेंस और चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिए गए। इसके अलावा अग्निशमन, पेयजल, बिजली आपूर्ति और मीडिया कवरेज के लिए संबंधित अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपनी ड्यूटी को पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ निभाना सुनिश्चित करें।

रिमोट से होगा प्रतिमा का अनावरण

उपायुक्त ने बताया कि अग्रोहा पहुंचने पर सर्वप्रथम केंद्रीय गृह मंत्री महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज परिसर में स्थापित महाराजा अग्रसेन की विशाल प्रतिमा का अनावरण करेंगे और इसी के साथ नवनिर्मित वातानुकूलित आईसीयू का लोकार्पण तथा पीजी हॉस्टल का शिलान्यास भी करेंगे। तीनों परियोजनाओं के विकास पत्थर साथ-साथ लगाए गए हैं। प्रतिमा का अनावरण रिमोट कंट्रोल से बटन दबाकर किया जाएगा।

कार्यक्रम में ये होंगे शामिल

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, सांसद नवीन जिंदल, विधायक सावित्री जिंदल, पूर्व राज्यसभा सांसद डीपी वत्स सहित अन्य कई मंत्रीगण व विधायक भी उपस्थित रहेंगे।

हिसार। माता रानी की चौकी में ज्योत जलाते पंच प्रधान। फोटो :हरिभूमि

भाभड़ा बिरादरी द्वारा माता रानी की चौकी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भाभड़ा बिरादरी की ओर से भाभड़ा बिरादरी के गुरुद्वारा के पास मौहल्ला डोगरान में 34वीं माता रानी की विशाल चौकी का आयोजन किया गया। भाभड़ा बिरादरी जागरण मंडल के प्रधान सुरेन्द्र सेठी ने बताया कि भाभड़ा बिरादरी के पंच प्रधान भाई चरणजीत सिंह, भाई जोगी, गोबिंद बेदी, प्रेम प्रकाश व जगदीश सेठी ने ज्योत प्रचंड कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। गणेश वंदना के साथ शुरू हुई माता की चौकी में नीटू चंचल एंड पार्टी कैथल वाले ने महामाई का गुणगान किया। इस अवसर पर नगर पार्षद ज्योति वर्मा, सुनील वर्मा, पूर्व पार्षद पंकज दिवान, शालू दिवान व समाजसेवी रवि भुटानी ने अतिथि के रुप में भाग लिया। भाभड़ा बिरादरी की ओर से उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। माता की चौकी के दौरान अनेक

नव संवत्सर कन्या गुरुकुल डोभी में हवन-यज्ञ से शुरू किया

हिसार। नव संवत्सर आर्य समाज का 150वां स्थापना दिवस भारतीय नववर्ष पर भूमि सुपोषण अभियान का शुभारंभ आचार्य देवदत्त के बह्मत्व में यज्ञ द्वारा शुरू हुआ। वेद पाठ रविका शास्त्री व कन्या गुरुकुल की छात्राओं ने किया। मुख्य यजमान के रूप में सुरेंद्र आर्य बुडाक, अरुण आर्य दिल्ली, देवीलाल बेनीवाल मोहब्बतपुर, श्रवण कुमार पूनियां मंडी आदमपुर, कृष्ण कुमार फुरसाणी, संजीव कुमार आर्य थे। इस मौके पर मुख्य वक्ता मांगेराम वैदिक ने जीवन में यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा पंच महायज्ञ के बारे में बताया। आचार्य बलजीत सिंह आर्य ने भूमि सुपोषण हेतु गौ आधारित खेती के बारे में बताया। आयोजन में मुख्याधिष्ठाता परमजीत सिंह आर्य, प्राचार्या संतोष कुमारी, रामप्रसाद मोहब्बतपुर ,करमजीत आर्य ने अतिथियों का स्वागत किया।

हिन्दू नववर्ष महोत्सव में भक्ति जागरण से राष्ट्र जागरण का किया आह्वान

- महोत्सव में छत्रपति शिवाजी महाराज की नाटिका ने किया देशभक्ति का संचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नई अनाज मंडी में आयोजित हिन्दू नववर्ष महोत्सव का दृश्य।

श्री प्रभुभक्त संकीर्तन मंडल की ओर से हिसार की नई अनाज मंडी में हिन्दू नववर्ष महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। इस महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। पूरा पंडाल श्याम बाबा की जय और भारत माता की जय के उदघोष से गूंज उठा। श्री प्रभुभक्त संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष प्रो. दीपक कुमार के नेतृत्व में आयोजित किए गए इस महोत्सव के दौरान सनातन संस्कृति को समृद्ध करने का संकल्प करवाया गया।

भव्य कलश शोभा यात्रा के बाद कथा का शुभारंभ

- आज के दौर में श्रीराम कथा की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई, बच्चों को श्रीराम की महिमा से करवाएं अवगत : महंत चिन्मयदास जी महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार। भव्य कलश शोभा यात्रा में हिस्सा लेते श्रद्धालुगण। फोटो :हरिभूमि

श्रीराम कथा समिति की ओर से भव्य कलश शोभा यात्रा निकालकर विधि-विधान से रामनवमी महोत्सव व संगीतमय श्रीराम कथा की शुरूआत की गई। कटला मैदान स्थित सियाराम मंदिर में पूजा-अर्चना के उपरांत विधानस्वरूप महंत चिन्मयदास जी महाराज के सान्निध्य में कलश शोभा यात्रा निकाली गई। मां जानकी सेवा दल व रामकृष्ण सेवा संस्थान के संयोजन में 151 महिलाओं ने एकसमान पीले व लाल परिधान पहनकर एवं सिर पर सुसज्जित कलश धारण करके शोभा यात्रा में हिस्सा लिया। इस दौरान पुरुष श्रद्धालुओं ने श्रीराम के भगवा ध्वज लेकर और जय श्रीराम का उदघोष करते हुए समस्त भक्तों का उत्साह बढ़ाया। बैंड-बाजे की धुन पर नाचते-गाते हुए और हिसार के विभिन्न बाजारों से होते हुए कलश यात्रा महाराजा अग्रसेन भवन पहुंची। इस दौरान हिसार के बाजार जय श्रीराम के उदघोष से गुंजायमान हो उठे। महाराजा अग्रसेन भवन के मुख्य सभागार में सभी कलशों को पूरी आस्था के साथ श्रीराम कथा स्थल के मंच पर स्थापित किया गया। इस अवसर पर हिसार नगर निगम के मेयर प्रवीन पोपली मुख्यातिथि एवं राज्य सूचना आयुक्त डॉ. जगबीर सिंह अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

बरवाला। हिन्दू नववर्ष महोत्सव में भक्ति जागरण से राष्ट्र जागरण का किया आह्वान, भारत माता के भव्य स्वरूप ने किया अभिभूत

हरियाणा स्टेट वेयरहाउस कॉरपोरेशन व एनसीसीएफ की टीम ने किया अनाज मंडी का औचक निरीक्षण

बरवाला। हरियाणा स्टेट वेयरहाउस कॉरपोरेशन और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता फेडरेशन की टीम ने रविवार को अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया गया। यह औचक निरीक्षण डीएम सुमित कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस निरीक्षण में आढतियों द्वारा सरसों की फसल में झरना ना लगाने की खामी पाई गई। इस सम्बन्ध में आढ़तियो को सरसों की फसल में झरना लगाने संबंधी दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। बिना झरने के सरसों की फसल वापिस कर दी जाएगी। इस अवसर पर मार्केट कमेटी सचिव विवेक पंघाल, रजनीश कुमार, मनोज कुमार, पवन कुमार व अनीत कुमार आदि मौजूद रहे।

विश्व के शीर्ष 30 युवा वैज्ञानिकों में शामिल हुए विकास धामू

सीसवाल गांव के विकास धामू को पेरिस में मिला प्रतिष्ठित इंफ्लेक्शन अवॉर्ड

सेवानिवृत एपीआरओ छोटूराम धामू के पुत्र हैं विकास, बधाई देने वालों का तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले के गांव सीसवाल निवासी विकास धामू को विश्व के शीर्ष 30 युवा वैज्ञानिकों में शामिल किया गया है। उन्हें हाल ही में फ्रांस के पेरिस में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में 'इंफ्लेक्शन अवॉर्ड-2025' से सम्मानित किया गया। विकास की इस उपलब्धि पर प्रशंसकों द्वारा उसे बधाई देने का तांता लगा हुआ है। विकास के पिता श्री छोटूराम धामू, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से सहायक सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी (एआईपीआरओ) के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। विकास को यह सम्मान मार्बल द्वारा प्रस्तुत किया गया है, जिसे बिल गेट्स (माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक) द्वारा स्थापित ब्रेकथ्रो एनर्जी फैलोज और क्वाड्रेचर क्लाइमेट फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है। इनफ्लेक्शन विश्व का पहला पुरस्कार कार्यक्रम है जो भावी युवा वैज्ञानिकों की पहचान कर उन्हें जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली अवसरों से जोड़ता है। यह कार्यक्रम 30 चुने गए वैज्ञानिकों को पेरिस में एक विशेष दो-दिवसीय समिट के लिए एकत्रित करता है-जो कि अंतरराष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन संधि का जन्मस्थान भी है। इस संधि के अनुसार, वैश्विक तापमान में वृद्धि को सीमित करना अनिवार्य है। अगर ऐसा नहीं किया गया तो ग्लेशियरों का पिघलना, समुद्र स्तर का बढ़ना, और सूखे जैसी आपदाओं में तेज़ी आ सकती है। यहां तक कि मुंबई और पश्चिम बंगाल जैसे तटीय क्षेत्र भी भविष्य में समुद्र में समा सकते हैं।

हिसार। युवा वैज्ञानिक विकास धामू व कार्यक्रम में अवार्ड प्राप्त करते विकास धामू।

यह उपलब्धि हासिल की

प्रोफेसर प्रवीन लिंगा के मार्गदर्शन में, विकास धामू का शोध कार्य कार्बन डाइऑक्साइड को क्लाथरेट हाइड्रेट के रूप में संग्रहित करने की तकनीक पर केंद्रित है। क्लाथरेट हाइड्रेट्स बर्फ जैसे यौगिक होते हैं जो तब बनते हैं जब सीओ-2 जैसी गैसें उच्च दबाव और निम्न तापमान में पानी के साथ मिलती हैं। विकास का शोध समुद्र की गहराई में मौजूद प्राकृतिक स्थितियों-जैसे उच्च दबाव और कम तापमान-का उपयोग कर वायुमंडलीय सीओ-2 को ठोस हाइड्रेट्स के रूप में लंबे समय तक सुरक्षित तरीके से संग्रहित करने का तरीका प्रदान करता है। यह पद्धति न केवल पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ है, बल्कि आर्थिक रूप से भी व्यावहारिक है। इस तकनीक के माध्यम से एक लाख गीगाटन से अधिक सीओ-2 को संग्रहित किया जा सकता है-जो कि 2050 तक वैश्विक कार्बन न्यूट्रलिटी के लक्ष्यों को प्राप्त करने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो सकती है। विकास धाम ने अपनी क्लाथरेट हाइड्रेट तकनीक पर आधारित शोध को लेकर अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में कई लेख प्रकाशित किए हैं।

मृत्यु तो प्रभु का आमंत्रण है। जब वह आए तो द्वार खोलकर उसका स्वागत करो और चरणों में हृदयधन सौंपकर अभिवादन करो।
- रविंद्रनाथ टैगोर



अंधेरी सुनसान रात में ऊपर से लेकर नीचे तक पसीने से नहाए उसके कदम लड़खड़ाकर, गिरने को हो गए। लेकिन तभी साये की मजबूत बांहों ने उसे कसकर थाम लिया तथा गिरने से बचा लिया। इस अकस्मात मदद से कुछ क्षण के लिए उसकी सांसें रुक गई तथा आंखों के आगे अंधेरा छा गया। इस घुप्प अंधेरे में साये की बाहों के मजबूत बंधन में उसे केवल वहशीपन की बू आ रही थी।

कहानी
अर्चना कोचर

शुभरात्रि

संध्या के अचानक चिल्लाने से वह मुस्कुरा पड़ा और कंचे की तरह गोल घूमती मोटी-मोटी आंखों से उसे घूरने लगा। ऐसा लग रहा था जैसे वह अभी कपटी बाज की तरह उस पर झपटेगा और भूखे भेड़िए की भांति उसके जिस्म के टुकड़े-टुकड़े करके नोच डालेगा। वह भय के मारे बेहताशा भागने लगी, लेकिन उसने, उसके पीछे भागकर उसे पकड़ लिया और बाहों के पाश में भरकर अपने रुमाल से माथे का पसीना पोंछते हुए - 'आराम से चलिए, घबराइए नहीं ।' संध्या फिर से चिल्लाते हुए - 'आप मेरे पीछे क्यों पड़े हैं', जाते क्यों नहीं? मुझे मेरे हाल पर छोड़िए और जाइए यहां से। मैं आप जैसे चालबाज लुटेरों को बड़े अच्छे से जानती हूं। पहले किसी की मजबूरी पर हमदर्दी जताकर विश्वास हासिल कर लेते हो, फिर सब कुछ लूटकर चलते बनते हो।'

दफ्तर से घर के रास्ते में अचानक कैब खराब हो गई। रात बड़ी अंधियारी और सड़क बिल्कुल सुनसान थी। घर और रास्ते की दूरी लगभग बीस किलोमीटर थी। भाई और पापा दोनों शहर से बाहर गए हुए थे। और-तो-और इंटरनेट भी गायब था। संध्या बदहवास सड़क पर पैदल पागलों की भाँति भागी जा रही थी और साथ-साथ चल रहा था वह घुप्प अंधेरा। तभी उसे ऐसा आभास हुआ जैसे कोई साया उसके साथ-साथ चल रहा है। परछाई होगी, समझ कर नजरअंदाज कर दिया। लेकिन तभी वह साया बिल्कुल करीब आ गया।

यह मन का वहम नहीं, अपितु हकीकत है। डर के मारे उसकी घिग्घी बंध गई । अंधेरी सुनसान रात में ऊपर से लेकर नीचे तक पसीने से नहाए उसके कदम लड़खड़ाकर, गिरने को हो गए। लेकिन तभी साये की मजबूत बांहों ने उसे कसकर थाम लिया तथा गिरने से बचा लिया। इस अकस्मात मदद से कुछ क्षण के लिए उसकी सांसें रुक गई तथा आंखों के आगे अंधेरा छा गया। इस घुप्प अंधेरे में साये की बाहों के मजबूत बंधन में उसे केवल वहशीपन तथा कंचे सी चमकती आँखों से वासना की बू नजर आ रही थी। तभी सुनसान को चीरती उसकी मधुर तथा धीमी आवाज, 'आप ठीक तो हैं।' संध्या ने मौन तथा सहज होते हुए स्वयं को उसके बंधन से आजाद किया । उसका वहीं सवाल फिर से, 'आप ठीक तो हैं।' संध्या ने बड़े धीमे से - हाँ, बोला। अब वह साया कदम-से-कदम मिलाकर उसके साथ-साथ चलने लगा। संध्या तेज-तेज कदमों से जितना दूर होने का प्रयास करती, वह उतना करीब आता जा रहा था। मानो संध्या के कदमों की गति से अपने कदमों के सुर-ताल मिला रहा हो। उसने फिर से सुनसान को चीरते हुए - 'इस वक्त इस सुनसान सड़क पर अकेले कैसे ?

डर के मारे संध्या के स्वर नहीं निकल पा रहे थे। उसके भय और चुप्पी को भांपकर उसने ढांढस बंधाते हुए - 'आप डरिए नहीं, इतनी सुनसान सड़क पर अकेली कैसे', लगती तो आप किसी सभ्य घर से है'?

डर के मारे संध्या के होठ सिल गए, जिह्वा तालू से चिपक गई, शब्द कंठ तक तो आ रहे थे, लेकिन निकल नहीं पा रहे थे। वह बस बदहवास भागी जा रही थी। जैसे बीस किलोमीटर की दूरी दो ही मिनट में पूरी कर लेगी । वह जिस तरह से साथ-साथ चल रहा था, उसके हैवान होने का शक संध्या के दिमाग पर उतना ही गहराता जा रहा था। अपने पर काबू पाकर वह सिर्फ दो ही शब्द बोल पाई - 'आप यहाँ से जाइए, मैं अपने-आप चली जाऊँगी।' उसने कहा - 'सड़क सुनसान है, घुप्प अँधेरा है, शहर यहाँ से लगभग बीस किलोमीटर की दूरी पर है । इस समय सड़क पर शायद ही कोई वाहन मिले। 'संध्या ने फिर से हिम्मत बटोरकर - "बोला ना, आप जाइए! मैं चली जाऊँगी ।" उसने कहा, "आगे थोड़ा जंगल का रास्ता है। इस समय जंगली जानवरों तथा अराजक तत्वों का खतरा होता है। आपके लिए अकेले वहां जाना सुरक्षित नहीं है।" संध्या ने मन-ही-मन, 'मैंने तुम्हारी आँखों में हैवानियत पढ़ ली है। अपने-आप को बड़े औरत के रखवाले और परम हितैषी समझते हो। मर्द परम हितैषी बनकर ही तो औरत को धोखा देते हैं। मैं तुम्हारे झांसे में नहीं आने वाली हूँ । क्यों उल्लू बना रहो'?

संध्या उससे जितना दूर भागने की कोशिश करती, वह उतना ही उसके साथ-साथ हो लेता। उसने फिर वहीं बात दोहरा दी - 'आपने अपना नाम नहीं बताया, इस सुनसान सड़क पर कैसे'?

'संध्या तुतलाते हुए - 'संध्या, कैब खराब हो गई थी'। फिर एकदम से चिल्लाकर - 'बस बता दिया सब कुछ', अब आप मुझे मेरे हाल पर छोड़कर यहां से जाइए।

संध्या के अचानक चिल्लाने से वह मुस्कुरा पड़ा और कंचे की तरह गोल घूमती मोटी-मोटी आंखों से उसे घूरने लगा। ऐसा लग रहा था जैसे वह अभी कपटी बाज की तरह उस पर झपटेगा और भूखे भेड़िए की भांति उसके जिस्म के टुकड़े-टुकड़े करके नोच डालेगा। वह भय के मारे बेहताशा भागने लगी, लेकिन उसने, उसके पीछे भागकर उसे पकड़ लिया और बाहों के पाश में भरकर अपने रुमाल से माथे का पसीना पोंछते हुए - 'आराम से चलिए, घबराइए नहीं ।' संध्या फिर से चिल्लाते हुए - 'आप मेरे पीछे क्यों पड़े हैं', जाते क्यों नहीं? मुझे मेरे हाल पर छोड़िए और जाइए यहाँ से। मैं आप जैसे चालबाज लुटेरों को बड़े अच्छे से जानती हूँ। पहले किसी की मजबूरी पर हमदर्दी जताकर विश्वास हासिल कर लेते हो, फिर सब कुछ लूटकर चलते बनते हो।' वह फिर मुस्कुराते हुए - "संध्या जी मेरा नाम गौरव है ।" उसने चिढ़ते हुए - "गौरव-सौरव या कुछ और, फिर मैं क्या करूं ?" वह ढिठाई से मुस्कुराते हुए - 'जी पक्का-पक्का गौरव ही है। 'अब पकड़म-पकड़ाई और नोकझोंक में काफी समय हो गया था। आगे का रास्ता सुनसान, अँधकारमय तो था ही, साथ में गहरे जंगल से घिरा था। संध्या के पास भी उसके साथ चलने के अलावा कोई चारा नहीं था। अतः उसने भी मन के भय को खत्म करके सहज होकर उसके साथ चलने में ही अपनी भलाई समझी। अब न वह कुछ बोला और न ही संध्या। वह दोनों चुपचाप रास्ते की दूरी नाप रहे थे । संध्या बीस किलोमीटर के रास्ते को कदमों से नाप रही थी और वह कदम-से-कदम मिलाकर उसका साथ निभा रहा था। पीछे से गाड़ी का हॉर्न सुनकर, अपने पास रुकता देख संध्या डर के मारे लड़खड़ा गई।

गौरव उसका हाथ पकड़कर उसे सड़क के किनारे ले आता है। तभी गाड़ी उनके पास आकर रुकती है और दरवाजा खुलता है। अंदर दो जन - एक ड्राइवर की सीट पर तथा एक पीछे बैठा था। गौरव उसे अंदर बैठने के लिए बोलता है, लेकिन वह चिल्लाना शुरू कर देती है - 'मैं आप जैसे कपटी-दगाबाज लोगों को बड़े अच्छे से जानती हूँ, पहले विश्वास जमाते हो, फिर गैंग में लूटते हो।' उसने मुस्कुराकर विनयपूर्वक उसे फिर से अंदर बैठने के लिए कहा। लेकिन संध्या के जोर-जोर से चिल्लाने पर गौरव ने उसके मुँह पर हाथ रखकर, उसे धक्का देकर गाड़ी के अंदर बैठा दिया। फटाफट दरवाजें बंद किए और गाड़ी चल पड़ी । संध्या बेचैन कभी भगवान को याद करती, कभी अपनी फूटी किस्मत को, 'इस कैब को भी आज ही खराब होना था, जब घर पर कोई नहीं है। आज तो तू लुटी-ही-लुटी या तो तेरा राम-नाम सत होगा या ताउम्र बदचलन, बेहया का ठप्पा और मीडिया की बेचारी बनी-बनी न जाने कहाँ-कहाँ मशहूर हो जाएगी?' तभी गौरव ने पूछा - 'कहां जाना है आपको?' संध्या की डर के मारे जुबान निकल ही नहीं रही थी। ऐसा लग रहा था जैसे उसने कुछ बोला है और इन्हें सुनाई नहीं दिया। गौरव ने फिर जोर से पूछा - "संध्या जी, मैं पूछ रहा हूँ, आपका घर कहां पर है ? " संध्या कुछ जवाब देती इससे पहले ही ड्राइवर - 'साहब, मैं तो गाड़ी फैक्ट्री के गैराज से निकालने गया था, इतनी देर में आप न जाने कहां गायब हो गए। मैं और सौरव साहब (पीछे बैठा व्यक्ति शायद गौरव का भाई होगा) बड़ी देर तक आपको फैक्ट्री के अंदर-बाहर ढूंढते रहे। आप फोन तो वहीं छोड़ आए और गाड़ी की चाबी भी साथ ले आए थे।

तभी गौरव जेब टटोलते हुए - 'ओह! बस वैसे ही पैदल चलने का मन हो आया था।' सौरव- 'गौरव, ऐसे कैसे तुम एकदम सुनसान सड़क पर अकेले पैदल बिना कुछ बताए चाबी जेब में डाले निकल आए'? 'यह तो शुक्र है आज दूसरी गाड़ी फैक्ट्री में खड़ी थी और हम निकल आए। तुम्हें पता है यह जंगल का रास्ता कितना सुनसान और खतरनाक है। अकेले और पैदल यहां कितनी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। भाई दो-चार किलोमीटर हो तो पैदल की सोचते, पूरा बीस किलोमीटर, वो भी जंगल, खतरों के खिलाड़ी बनने का इरादा है क्या?

गौरव - हूं। संध्या मन-ही-मन शायद मुझे सुनसान सड़क पर पैदल चलता देखकर यह साया मेरी हिफाजत में मेरी और आया होगा। तभी संध्या हिम्मत करके - 'गौरव जी, मुझे बस्तीपुरा जाना है।' गौरव ने ड्राइवर को गाड़ी बस्तीपुरा में घुमाने को बोला। बस्तीपुरा पहुंचकर संध्या को उसके घर के बाहर गेट पर उतारते हुए- अभी संध्या अपनी कृतज्ञता प्रकट करने ही वाली थी कि गौरव एकदम से मुस्कुरा कर - 'संध्या जी, सारे राहगीर चालबाज, भेड़िए और लुटेरे नहीं होते हैं। अच्छा चलते हैं, शुभरात्रि !

कविता
डॉ. बबिता सिंह

जीवन

इंद्रधनुषी सतरंगी
झिलमिल हो नभ पंथ
कनक थाल में मेघ सजा हो
हो जीवन उद्धार प्रिय।

सुरमई शाम
आँगन में दीप
नूपुर की रुनझुन से ,
हो जीवन उद्धार प्रिय।

अंतर्मन भर पुलक
अरुण का सूर्य कलश
पाँव में महावर हो ,
हो जीवन उद्धार प्रिय।

अलि गूँजित मधुवन
सुधि से सुरभित स्नेह
स्पंदन ले अंक में ,
हो जीवन उद्धार प्रिय।

चिर अनमोल बंधन
प्रेम की परिधि
सागर की मोती सा,
हो जीवन उद्धार प्रिय।

अंबर में विद्युत
उर में है बादल
साँसों के सौरभ-सा,
हो जीवन उद्धार प्रिय।

मधुरता अलक्षित
स्वर्ग सा श्रृंगार
संगीत की झंकार से
हो जीवन उद्धार प्रिय।

पवन हौले मृदुल
पावस का पलक डोल
तारों की चाँदनी-सा,
हो जीवन उद्धार प्रिय।

ग़ज़ल
कृष्ण गोपाल विद्यार्थी

इस ज़मीं का आदमी

इस जमीं का आदमी जब से खुदा होने लगा।
जन्दिगी का जायका ही बदमजा होने लगा।

ये अमन के पोस्टर जब से लगे हैं शहर में,
हर गली, हर मोड़ पर एक हादसा होने लगा।

आदमी शायद अजायबघर में ढूंढा जाएगा,
गर शहर में आए दिन ये सिलसिला होने लगा।

बढ़ गये नाखून,जबड़ों से टपकता है लहू,
आजकल के आदमी को जाने क्या होने लगा।

रोशनी देने के बदले घर जलाते हैं चिराग़,
अब शहर में जंगलों सा वाकया होने लगा।

ग़ज़ल
पं. कमल कांत भारद्वाज

असली मुखौटा

सब कुछ बता दिया मेरा हाथ देख कर
ये सब बताया उसे मेरे साथ देखकर

मैं अकेला ही लड़ लूँगा अपने मुक़द्दर से
मुझे संभल जाना चाहिए दुश्मन की चाल देखकर

वो आया था मुझे मिलने मेरे सायबान में
वापस लौट गया मेरा हाल बेहाल देखकर

ये सब जैसे दिखते हैं तुम्हें वैसे है नहीं
चेहरों पे नक़ाब डाल लेते हैं माहौल देखकर

किसे बतायें 'कमल' फ़लसफ़े अपनी ग़ुरबत के
अपनो ने ही ख़ंजर चला दिया बदहाल देखकर

कविता
राजेश भारती

एक दिन

एक दिन ऐसे ही बादल छूकर चला गया
धूप पत्तों पर ठिठकी, फिर लौट आई
हवा में गुनगुनाहट सी बिखर गई

सुबह की चाय में धुआँ उड़ा
खिड़की से झाँकती थी नन्ही चिड़िया
एक दिन ऐसे ही वक्त नर्म हो गया

गली के बच्चों की हँसी गूँजी
पेड़ की डाल पर सूरज झूलता रहा
मैंने चुपचाप समय को थाम लिया

शाम ने आकाश को गुलाबी रंग दिया
नदी किनारे चुपचाप लहरें सो गईं
एक दिन ऐसे ही दिल हल्का हो गया।

कविता
इन्दू घणघस

पापा

उठते थे सवेरों से पहले,
सांझ को भी कहा चयन पाते थे।
मेरे कल की खातिर
अपने आज को भूल जाते थे।

सफलता की थपकी
विफलता का कंधा थे।
अंधेरी काली रात का,
चमकता चंदा थे।

बड़े सादे ख्याल थे उनके,
बड़ी सादि जिंदगानी थी।
अब तो ढल गया वो चांद,
उसकी चमक बड़ी नूरानी थी।

साहित्य को समाज का दर्पण बताते हुए साहित्यकार कृष्ण लाल का कहना है कि आज के बदलते परिवेश में साहित्य की स्थिति चुनौतीपूर्ण है, जिसमें युवाओं में साहित्य के प्रति रुचि बेहद कम होना चिंता का विषय है। हर कोई गूगल या अन्य आधुनिक डिवाइसेज पर विश्वास करके पुस्तकों के पढ़ने में कम रुचि दिखा रहा है। साहित्य सर्जन के प्रति प्रेरित करने के लिए प्राइमरी स्कूल स्तर पर ही अथक प्रयास करने होंगे।

साक्षात्कार
ओ.पी. पाल

प्रकृति व मानव के बीच दूरियां मिटाने में अहम साहित्य: कृष्ण

साहित्य और संस्कृति का समाज को नई दिशा देने में अहम योगदान माना गया है। इसी मकसद से लेखक, साहित्यकार एवं कलाकार अपनी अलग-अलग विधाओं में साहित्य साधना करते आ रहे हैं। ऐसे ही साहित्यकारों में शुमार कृष्ण लाल गिरधर ने साहित्यिक सफर में हिंदी, अंग्रेजी और हरियाणवी भाषा में अपनी कविताओं और आलेखों के माध्यम सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों को उजागर कर लोकप्रियता हासिल की है।

शिक्षाविद्, साहित्यकार एवं कवि कृष्ण लाल गिरधर ने हरिभूमि संवाददाता से बातचीत के दौरान कुछ ऐसे अछुए पहलुओं को उजागर किया है, जिसमें साहित्य के जरिए प्रकृति और मानव के बीच में बढ़ती दूरियां मिटाना संभव है। वरिष्ठ साहित्यकार कृष्ण लाल गिरधर का जन्म 12 सितंबर 1961 को रोहतक के निकटवर्ती गांव मदीना में मनोहर लाल और मीराबाई के घर में हुआ। पिता एक दुकानदार थे। गांव में ही खेतों खलियान के बीच प्रकृति की गोद में बचपन बीता और उनकी प्राथमिक शिक्षा दीक्षा हुई। राजकीय उच्च विद्यालय मदीना से उन्होंने मैट्रिक पास की और हिंदू कॉलेज रोहतक से 1981 में बी.ए. की परीक्षा पास करने के बाद सर छज्जू राम कॉलेज हिसार में बी.एड.में दाखिला लिया। सन 1982 में बतौर गणित अध्यापक के रूप में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल निदाना, साल 2002 में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांपला और साल 2005 से सितंबर 2019 (सेवानिवृत्ति) तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मदीना में कार्यरत रहे। करीब बीस साल उन्होंने अंग्रेजी मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य किया।

अध्यापन के दौरान उन्होंने एम.ए.(पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन), एम.ए.(अंग्रेजी) और एमएड. की परीक्षाएं महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक से उत्तीर्ण की। दरअसल उनका परिवार भारत विभाजन के बाद अमृतसर और उसके बाद कुरुक्षेत्र से जिला रोहतक में आकर बस गया। उनके परिवार में किसी प्रकार का कोई साहित्यिक माहौल नहीं था। सन 1978 में कॉलेज समय के दौरान उन्होंने पहली कविता लिखी और हिंदू कॉलेज रोहतक की तरफ से उन्होंने गॉड कॉलेज रोहतक में काव्य पाठ प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। एक घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि जब वह अंग्रेजी परीक्षा की तैयारी अपने गांव के पास नहर पर स्थित एक पेड़ के नीचे बैठकर कर रहे थे कि अचानक लगभग 5 फीट लंबा कोबरा सांप उनके सामने से गुजरा और सीधा नहर से पानी पीकर वापस उनके आगे से ही गुजर गया, लेकिन उसने उसे कोई हानि पहुंचाई। बकौल कृष्ण लाल, यहां से उन्हें एक संदेश मिला, जो कि जॉन मिल्टन ने भी कहा कि वह अंधा हो गया है, लेकिन परमात्मा ने उन्हें लेखन कार्य दिया है वह तो उन्हें करना ही पड़ेगा, वरना आगे उसके दरबार में वह क्या जवाब देगा। इस प्रकार उन्हें अंदर से ही एक प्रेरणा मिली और फिर कलम उठाकर लिखना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि सबसे पहले सन 1995 में राज्य शिक्षक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम के जनसंख्या विभाग में मेरी दो हिंदी कविताएं प्रकाशित हुई। मार्च 2007 में 'मैं विकलांग नहीं हूं' शीर्षक कविता प्रकाशित हुई। साहित्यिक साधना में उनकी रचनाओं का फोकस पर्यावरण, सामाजिक कुरीतियों, मनुष्य का व्यवहार, मानवता, दया, सत्य, प्रेम करूणा आदि के भाव रहे है। अभी तक लगभग 60 हिंदी कविताएं प्रकाशित हैं और 100 कविताओं के कविता संग्रह पर काम जारी है। हरियाणवी भाषा में भी उन्होंने करीब 67 कविताएं लिखी, जिनमें से एक है 'शहर मह ताई' जो कि पर्यावरण पर कुठाराघात है, जो एनसीईआरटी गुड़गांव में भाषा प्रशिक्षण सेमिनार में सन 2005 में प्रस्तुत की गई। साहित्य साधना के अलावा कृष्ण लाल सामाजिक सेवा में भी सक्रिय हैं, जिन्होंने कोरोना काल के दौरान अज्ञात किडनी रोगी को स्वैच्छिक प्लाज्मा दान करके मानवीय भाव को प्रकट किया और समाज को जागरुकता के लिए महामारी के दौर में प्रकृति पोषण और मनुष्य और प्रकृति को लेकर कविताएं भी लिखी। भारत विकास परिषद जैसी सामाजिक संस्थाओं से जुड़े कृष्णलाल के लेख, कविताएं और विभिन्न पत्रिकाओं में भी प्रकाश होते आ रहे हैं।

प्रकाशित पुस्तकें

साहित्यकार कृष्णलाल गिरधर की प्रकाशित अंग्रेजी भाषा की छह पुस्तकों में फीलिंग फेदर्स, लाइफ (लिव, लव, लाफ़), लव एंड पीस तथा मी एंड माई अनसैड फिलिंग्स सुर्खियों में हैं। वहीं उनकी दो पुस्तकें नेचर नचर्स और मैन एंड नेचर कोरोना काल के दौरान लिखी गई, जबकि दो पुस्तकें महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक से संबन्धित प्रकाशित हुई हैं। इसके अलावा उन्होंने हिंदी साहित्य में करीब सौ कविताएं लिखी, जिनका संग्रह जारी है। उन्होंने 67 कविताएं हरियाणवी में लिखी हैं।

कृष्ण लाल गिरधर

पुरस्कार व सम्मान

साहित्यकार कृष्ण लाल गिरधर को उनकी पुस्तक पर मेघालय के तत्कालीन राज्यपाल सत्यपाल मलिक से राज्यपाल पुरस्कार मिल चुका है। वहीं उन्हें अंतरराष्ट्रीय अंग्रेजी साहित्य के करीब 75 सम्मान पत्र (सर्टिफिकेट) मिले हुए हैं। हरियाणा साहित्य अकादमी से भी उन्हें पुस्तक मी एंड माई अनसैड फिलिंग्स के लिए पुरस्कृत किया गया। हरियाणा राज्य शिक्षण एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम ने भी उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

व्यक्तिगत परिचय

नाम : कृष्ण लाल गिरधर
जन्मतिथि :12 सितंबर 1961
जन्म स्थान : गांव-मदीना (रोहतक)
शिक्षा : एम.ए. (अंग्रेजी),एम.ए. (पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन),एम.एड
संप्रति : सेवानिवृत्त प्रवक्ता (अंग्रेजी), लेखक, साहित्यकार, कवि

ऊर्जा देती है 'नई सोच के नये पंख'

पुस्तक : नई सोच के नये पंख
कवि : हरीश चंद्र झंडई
मूल्य : 250 रुपये
प्रकाशक : बोधि प्रकाशन

पुस्तक समीक्षा
शशि कांत चौहान

वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. हरीश चंद्र झंडई का काव्य संग्रह 'नई सोच के नए पंख' पाठकों को नई ऊर्जा प्रदान करती है। इस संग्रह की रचनाएं नया करने की ऊर्जा प्रदान करने के साथ-साथ वर्तमान के बदलते युग और भविष्य में आने वाली चुनौतियों के प्रति आगाह करती हैं। यूं तो आज का मानव हर क्षेत्र में तरक्की कर चुका है, परन्तु इन सबके बीच कहीं न कहीं मानवता का ह्रास हो गया है।

डॉ. झंडई की पूर्व प्रकाशित संग्रह नये रास्ते नई डगर, नई सोच के नये रंग, नया सवेरा में भी युवा पीढ़ी को कुछ नया करने का संदेश देते रहे हैं। प्रस्तुत संग्रह की शीर्षक कविता के माध्यम से भी कवि पाठकों को जीवन की तमाम चुनौतियों के बीच, संकीर्ण विचारों को छोड़कर नई उड़ान भरने का आह्वान करता है। जब इंसान नई सोच रखता है, तभी वह बाधाओं पर पार पा सकता है।

'नई सोच के नये पंख' में कुल 80 कविताएं हैं। इन कविताओं में रचनाकार ने भारत के इतिहास से लेकर विश्व की वर्तमान अवस्था, युद्ध के मुहाने पर खड़ी दुनिया, गिरते मानवीय मूल्यों जल संकट, पर्यावरण प्रदूषण, सता लोलूपता और नारी-विमर्श प्रधानता दी है। इतना ही नहीं कवि ने अपने संग्रह की अंतिम कविता 'प्यार की जिंदगी पत्नी है' में जीवन में पत्ती के महत्व को बहुत सुंदर शब्दो में पिरोया है। नई दुनिया में कवि ने एक ऐसी दुनिया की कल्पना की है जिसमें अहंकार, जात-पात की भावना न हो बल्कि संस्कारों की भावना, मानवता और रिश्तों का सम्मान हो। संकट के मुहाने पर खड़ी दुनिया' के माध्यम से कवि ने दुनिया में बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के खतरे के प्रति आगाह किया है। 'लौट आये मेरा बचपन' कविता के मानवीय रिश्तों के टूटने का दर्द उभारा है कि किस तरह बचपन हंसता खेलता था और आज परिवार के बुजुर्गो में एकाकीपन है और खुशियों के पर अब नहीं मिलते हैं। आया राम गया राम की बेला' आज की राजनीति की हकीकत बयां करती है। डॉ. हरीश चन्द्र झंडई ने महिला सशक्तीकरण पर भी लेखनी चलाई है। इसमें बेटी की आगे बढ़ने की चाह को उजागर करती कविता के साथ-साथ बेटियों को मजबूत बनने का आह्वान किया है। इसके साथ ही 'मनकों की माला को बिखरने न दो' समाज को एकजुट रहने का संदेश देती है। जिन्दगी है संघर्ष की तपिश हार न मानने और संघर्ष करने का आह्वान है। कुल मिलाकर डॉ. हरीश चन्द्र झंडई 'नई सोच के नये पंख' के माध्यम से अपना संदेश देने में सफल रहे हैं। पुस्तक का आवरण भी प्रशंसनीय है।

खबर संक्षेप

सट्टा खाईवाल करते एक काबू 21 हजार से ज्यादा बरामद

हांसी। सीआईए टीम ने सट्टा खाईवाल करते हुए एक आरोपी को काबू किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे 21 हजार 100 रुपए बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपी की पहचान मुल्तान कालोनी निवासी सहित पिंटू के रूप में हुई है। आरोपी पर केस दर्ज कर लिया गया है।

चिन्दड़ गांव से हजारों के पशु चोरी, केस दर्ज

फतेहाबाद। गांव चिन्दड़ में चोरों ने रात को प्लाट में बंधे हजारों रुपये के पशु चोरी कर लिए। इस बारे पीड़ित व्यक्ति द्वारा पुलिस को शिकायत दज करवाई गई है। सदर फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में गांव चिन्दड़ निवासी मोनू ने कहा है कि उसके पास एक भैंस, एक झोटी व एक छोटी कटड़ी थी। उसने अपने इन पशुओं को गर्मी होने के कारण अपने पड़ोसी रामरख के प्लाट में बांधा हुआ था। रात को उसने इन पशुओं को प्लाट में बांधा और बाहर सो गया। उसने आरोप लगाया कि रात करीब 3 बजे अज्ञात व्यक्ति उसके पशुओं को चोरी कर ले गया है।

मुख्यमंत्री के समक्ष शिकायतें रखेगी एसो.

सिरसा। एग्रीकल्चर डेवल्पमेंट एसोसिएशन सिरसा की बैठक रविवार को एक निजी प्रतिष्ठान में हुई जिसमें संगठन के प्रदेशाध्यक्ष हरमेश सिंह मुख्यातिथि थे। एसोसिएशन के शहरी प्रधान राधे गांधी ने बताया कि बैठक मुख्य रूप से प्रस्तावित सीड अमेंडमेंट एक्ट-2025 में दुकानदारों का विरोध दर्ज करवाना था। राधे गांधी ने बताया कि दुकानदार सीलबंद बीज उत्पादक कंपनियों से खरीदकर किसान को सीलबंद ही बेचते हैं। अतः गुणवत्ता की अंतिम जिम्मेदारी हमारी नहीं, बल्कि कंपनियों की बनती है। किसी कंपनी द्वारा की गई गलती की सजा दुकानदार क्यों वहन करे।

टोहाना क्षेत्र से नाबालिग युवती लापता, केस दर्ज

फतेहाबाद। जिले के टोहाना क्षेत्र से एक नाबालिग युवती के लापता होने का समाचार है। इस बारे परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव नांगला निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 17 वर्षीय लडक़ी गत दिवस घर पर बिना बताए कहीं चली गई है। उन्होंने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। उसने आरोप लगाया कि अज्ञात युवक बहला-फुसला कर उसकी नाबालिग लडक़ी को अपने साथ ले गया है।

मंडियों में हो रही फसलों की बेकद्री: इंदौरा

सिरसा। पूर्व सांसद डॉ. सुशील इंदौरा ने सरसों की सरकारी रेट पर खरीद न करने पर सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि सरकार की कथनी व करनी में दिन रात का अंतर है। पूर्व सांसद ने रविवार को जारी बयान में कहा कि सरकार ने चुनावों के समय जोर-शोर से प्रदेश में सबसे अधिक फसलें एमएसपी पर खरीद करने का ढिंढोरा पीटा जा रहा है।

42 वर्षों के अंतराल में स्कूल ने देश को अनेक आईएएस अधिकारी, जज, वैज्ञानिक दिए

केएल आर्य डीएवी स्कूल के वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों ने किया श्रेष्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार केएल आर्य डीएवी पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती स्कूल की छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

यहां के केएल आर्य डीएवी पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव स्कूल प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर डीएवी कॉलेज प्रबंधन सीमिति नई दिल्ली के उपाध्यक्ष, चेयरमैन ऑफ द स्कूल एवं पूर्व सीआईडी चीफ हरियाणा अनिल राव मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत के माध्यम से अपने हृदय के उद्गार प्रकट किए।

विद्यालय को और अधिक गति और प्रगति प्रदान करने के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति ने डॉक्टर चंद्र प्रकाश को दो महीने पहले स्कूल का प्रधानाचार्य नियुक्त किया है एवं कुछ कार्य पिछले दो महीनों में बहुत तीव्र गति से पूरे किए हैं। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय का चेयरमैन होने का उन्हें गर्व है क्योंकि यह विद्यालय समाज के कल्याण के लिए काम कर रहा है। इस समारोह में नरेन्द्र पाल मिगलानी, स्कूल उपाध्यक्ष एवं सचिव आर्य समाज हिसार एवं डॉ. विक्रमजीत सिंह, प्राचार्य दयानंद कॉलेज, रविन्द्र आर्य समाजसेवी, रमेश लीखा व सत्यपाल आर्य, हिसार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. चन्द्र प्रकाश कम्बोज द्वारा सभी अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन किया गया। समारोह में छात्र छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों के नृत्यों एवं प्रस्तुतियों के माध्यम से भारत की समृद्ध और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया। इसके बाद शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सुनील बहल भी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. चन्द्र प्रकाश कम्बोज ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का धन्यवाद किया।

विद्यालय इतिहास बताया

इस अवसर पर अनिल कुमार राव ने बताया कि सन 1983 में स्थापित केएल आर्य डीएवी पब्लिक स्कूल हिसार शहर के अग्रणी स्कूलों की श्रेणी में आता है। स्कूल का इतिहास उपलब्धियां से परिपूर्ण है, 42 वर्षों के अंतराल में स्कूल ने देश को आईएएस अधिकारी, जज, साईंसटिस्ट, डॉक्टर व अच्छे इंसान दिए हैं जिन्होंने डीएवी व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। किसी भी स्कूल को आंकने का पैमाना उसके पुराने विद्यार्थियों की सफलता पर निर्भर करता है और गर्व की बात है कि स्कूल के पढ़े हुए पुराने विद्यार्थी हर क्षेत्र में नाम कमा चुके हैं। इसका श्रेय मुख्य रूप से डीएवी की प्रबंधन समिति व अध्यापक गणों को जाता है जिन्होंने परिश्रम से इस मुकाम को हासिल किया है।

सत्यवान खटक, सीनियर मलेरिया इंस्पेक्टर की विदाई पार्टी में उपस्थित स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

सेवानिवृत्ति से दो दिन पहले हेल्थ इंस्पेक्टर सत्यवान की सीनियर मलेरिया इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पीएचसी न्योली कलां में कार्यरत हेल्थ इंस्पेक्टर सत्यवान खटक की सेवानिवृत्ति से दो दिन पूर्व स्वास्थ्य महानिदेशालय द्वारा सीनियर मलेरिया इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नति उपरांत कार्यालय उप सिविल सर्जन मलेरिया में स्थानांतरण आदेश जारी किए हैं। पदोन्नति और सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य पर समस्त पीएचसी स्टाफ की तरफ से विदाई और सम्मान समारोह आयोजित कर सत्यवान खटक का सम्मान समारोह आयोजित कर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विदाई समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर सीएचसी सीसवाल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. नागेश महर्षि उपस्थित रहे। विदाई पार्टी में उपस्थित स्टॉफ सदस्यों ने सत्यवान खटक के स्वास्थ्य विभाग में 39 वर्ष के सेवाकाल के दौरान किए गए उल्लेखनीय कार्यों और सेवाओं को याद किया। इस अवसर पर पीएचसी न्योली कलां के सभी स्वास्थ्य कर्मचारी और अधिकारी डॉ. सविता, नूर मोहमद, नितिन चौधरी, प्रवीण सरोहा, हरीश, मंजीत, सीएचओ डॉ. रमन, डॉ. कुलदीप, डॉ. सुनील, ईश्वंती, पूनम पायल, रेखा, मीरा, सुमन व निर्मल आदि मौजूद रहे।

सड़क पर गिरी जूस की बोतल से बचने के प्रयास में बाइक का बिगड़ा संतुलन

- बाइक सवार दंपती घायल, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

राष्ट्रीय राजमार्ग पर गीता चौक के समीप बाइक का संतुलन बिगड़ने से सड़क पर गिर कर बाइक सवार दंपती घायल हो गए। राहगीरों व डायल 112 की टीम ने घायल दंपति को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों द्वारा दोनों का उपचार किया जा रहा है। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन ठेकेदार वाली गली के रहने वाले प्रवीण ने बताया कि वह शनिवार को अपनी पत्नी नैन्सी के साथ अपनी बाइक पर सवार होकर उसे दवाई दिलवाने के हिसार जा रहे थे। जैसे ही वह गीता चौक के समीप पहुंचा तो उसके साथ से गुजर रही पिकअप गाड़ी से अचानक जूस की एक खाली बोतल सड़क पर आ गिरी। जब उसने सड़क पर गिरी बोतल से बचने का प्रयास किया। इस दौरान उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह पत्नी के साथ सड़क पर जा गिरा। प्रवीण ने बताया कि पिकअप न सिर्फ ओवरलोड थी, बल्कि ड्राइवर फोन पर बात करते हुए गाड़ी चला रहा था। सड़क हादसे सूचना मिलते पर डायल 112 की टीम ने राहगीरों की मदद से घायल दंपती को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

मोक्ष वृद्धाश्रम में विक्रम संवत व नवरात्रों के शुभारंभ पर हवन

मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार। नवरात्रों व हिन्दू नववर्ष के शुभागमन पर मोक्ष वृद्धाश्रम में आयोजित हवन में हिस्सा लेते बुजुर्ग।

सेवार्थ भाव से बुजुर्गों के प्रति समर्पित मोक्ष वृद्धाश्रम में विक्रम संवत 2082 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा एवं नवरात्रों के शुभारंभ पर हवन-यज्ञ करके जनकल्याण की कामना की गई। प्रातः मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके शक्ति व सामर्थ्य दायिनी मां की आराधना की गई। इसके साथ ही मोक्ष वृद्धाश्रम परिसर में पूरे विधि-विधान से आयोजित किए गए हवन में आश्रम के समस्त बुजुर्गों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। हवन में आहुति डालने के साथ ही बुजुर्गों ने एक-दूसरे को नवरात्रों व हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं दी और उत्तम स्वास्थ्य व खुशहाली की कामना की। मोक्ष वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने उत्साहित होकर विभिन्न देवी-देवताओं के भजन भी प्रस्तुत किए। इस दौरान उन्होंने बताया कि मोक्ष वृद्धाश्रम में समय-समय पर विभिन्न पर्व, त्योहार व उत्सव धूमधाम से मनाए जाते हैं। यहां पर विशेष रूप से धार्मिक आयोजन भी किए जाते हैं। उल्लेखनीय है कि मोक्ष वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के आवास, भोजन व वस्त्र की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखा जाता है। यहां पर नियमित रूप से बुजुर्गों की स्वास्थ्य जांच करवाई जाती है और आवश्यकता पडऩे पर अस्पताल में भर्ती करवाकर बुजुर्गों का समुचित इलाज भी करवाया जाता है। मोक्ष वृद्धाश्रम में महिलाओं के लिए मंदबुद्धि आश्रम का संचालन भी किया जा रहा है। यहां पर मंदबुद्धि महिलाओं का रहना, खाना व इलाज निशुल्क किया जाता है।

सात-दिवसीय स्केटिंग कैंप का हुआ समापन

- होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सात-दिवसीय स्केटिंग कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार। सात-दिवसीय स्केटिंग कैंप में शामिल विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ।

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित सात-दिवसीय स्केटिंग कैंप का समापन हुआ। इस अवसर पर कैंप में शामिल 34 विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों के हाथों सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। समापन समारोह में विद्यार्थियों और अभिभावकों के चेहरे पर उत्साह और खुशी देखने को मिली। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली चाइल्ड स्कूल शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी समान रूप से प्रोत्साहित कर रहा है। विद्यालय में छायायुक्त स्केटिंग कोर्ट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे खिलाड़ी नए अनुभव के साथ स्केटिंग का अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि आगे भी विद्यार्थियों को अपनी खेल प्रतिभा निखारने के भरपूर अवसर मिलते रहेंगे। प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने कैंप में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि स्केटिंग के प्रति विद्यार्थियों की रुचि लगातार बढ़ रही है। होली चाइल्ड स्कूल में पहले से ही सरकार से मान्यता प्राप्त खेल नर्सरी संचालित की जा रही है।

विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी, हिसार के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने प्रवक्ता रविंदर सहारन व अजय नेहरा के नेतृत्व में वीवीडीएन टेक्नोलॉजी लिमिटेड, मानेसर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने कंपनी के विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा और वहां की कार्यशैली तथा उद्योग जगत के वातावरण से अवगत हुए। भ्रमण के दौरान छात्रों ने प्रिंटेड सर्किट बोर्ड, मदरबोर्ड, 360 डिग्री कैमरा, बोट ईयरफोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक एक्सेसरीज़ के निर्माण की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा और सीखा। इसके अलावा, उन्होंने कंपनी में कार्यरत अपने सीनियर्स से मुलाकात कर उनके अनुभव सुने, जिससे उन्हें उद्योग में वास्तविक कार्य संस्कृति की गहरी समझ मिली। विद्यार्थियों के उत्साह को और अधिक बल तब मिला जब उन्होंने कंपनी के उपाध्यक्ष प्रवीण सांगवान से भेंट की।

जीएसटी एमनेस्टी योजना: बकाया कर पर ब्याज एवं जुर्माने में मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा पात्र करदाताओं को बकाया कर पर ब्याज एवं जुर्माने में राहत देने के लिए जीएसटी एमनेस्टी योजना लांच की गई है। इस योजना को हरियाणा सरकार द्वारा भी लागू किया गया है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस योजना की जानकारी सभी पात्र करदाताओं तक पहुंचाएं ताकि अधिक से अधिक करदाता इसका लाभ उठा सकें। योजना का लाभ उठाने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि यह योजना उन करदाताओं के लिए लागू होगी जिनहरियाणा जीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 73 के तहत बकाया देनदारी है। इस योजना के तहत पात्र करदाताओं को बकाया कर पर ब्याज एवं जुर्माने में राहत दी जाएगी।

शिक्षा के साथ संस्कारों का होना भी जरूरी: ब्रह्मदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

संगम स्कूल भरोखां में रविवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर डेरा बाबा भूमणशाह के गद्दीनशीन संत बाबा ब्रह्मदास महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को आशीर्वाद प्रदान किया और कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। बाबा ब्रह्मदास महाराज ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का होना भी आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि माता-पिता के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना बच्चों में होनी चाहिए, जिससे वे एक सशक्त नागरिक बन सकें।

सौगात इस पहल से क्षेत्र के लोगों को गर्मी के मौसम में भी आरामदायक सुविधा मिलेगी

शिव धर्मशाला का भव्य लोकार्पण, विधायक जिंदल ने की पूर्णत: एसी बनाने की घोषणा

मिल गेट क्षेत्र में विनोद नगर स्थित शिव धर्मशाला का लोकार्पण समारोह रविवार को हर्षोल्लास के साथ हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शिव नगर में धर्मशाला का लोकार्पण करते विधायक सावित्री जिंदल।

मिल गेट क्षेत्र में विनोद नगर स्थित शिव धर्मशाला का लोकार्पण समारोह रविवार को हर्षोल्लास के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हिसार की विधायक सावित्री जिंदल उपस्थित रहीं। उन्होंने धर्मशाला को पूरी तरह से एयर-कंडीशंड बनाने की घोषणा करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के लोगों को गर्मी के मौसम में भी आरामदायक सुविधा मिलेगी और यह धर्मशाला आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगी।

विधायक ने नव संवत्सर और नवरात्रों की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उद्योगपति व समाजसेवी विजय कौशिक ने अपने पिता पंडित राम नारायण कौशिक एडवोकेट व माताजी गैंदी देवी और महावीर जिंदल ने अपने दादा उदमी राम जिदंल की याद में इस धर्मशाला का निर्माण करवाया है जो माता-पिता को सम्मान देने का एक अतुलनीय उदाहरण है। ऐसे ही वो सबसे आग्रह करती हैं कि अपने माता-पिता की जीवनभर सेवा करेंगे तो उन्हें जीवन में आगे बढऩे से कोई नहीं रोक सकेगा। इस अवसर पर धर्मशाला निर्माण करवाने वाले विजय कौशिक ने बताया कि उनके पिताजी पंडित रामनारायण कौशिक एडवोकेट का कार्यक्षेत्र मिल गेट क्षेत्र रहा है और उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए पुराने मंदिर और धर्मशाला का पुनर्निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि उनके पिता के समय इस मंदिर का निर्माण स्वर्गीय ओम प्रकाश जिंदल के सहयोग से किया गया था। चौधरी अमर सिंह ने भी मंदिर निर्माण में सहयोग दिया। बाद में इसके निर्माण कार्य में स्वर्गीय ओमप्रकाश महाजन का विशेष योगदान रहा।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला, महावीर जिंदल की धर्मपत्नी पुष्पा जिंदल, पुत्र नीरज जिंदल, वरिष्ठ एडवोकेट पीके संधीर, पृथ्वी घिरइया, परमिन्द्र सिंह, राजेश वकील, सुनील शर्मा, दिनेश शर्मा, शादीलाल यादव, विजय सिंह, श्रेयांस जैन, पूर्व पार्षद मनोहर लाल, जेपी मास्टर, नितिन आर्किटेक्ट, राजकुमार ठेकेदार, डा. चन्द्र मोहन, डा. रामबिलास, अश्वनी राजलीवाला, अशोक शर्मा, संजय बिश्नोई, जयप्रकाश मिर्जापुर, सुन्दर शर्मा घिराइया, काकू शर्मा, सुशील शर्मा मंगाली, पूर्व पार्षद पिंकी शर्मा, सुशील शर्मा वार्ड 20, जयप्रकाश कौशिक, एचके शर्मा, अभिषेक कौशिक, राजेन्द्र कौशिक, राम किशन, दिनेश शर्मा, रामफल रोहिल्ला, राव रामचन्द्र, कृष्ण सैनी आदि शहर के गणमान्य नागरिक, धर्मशाला ट्रस्ट के ट्रस्टी, समाजसेवी, व्यापार मंडल के सदस्य और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम सुनने से होता नई उर्जा का संचार : धर्मबीर पानू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर के सेक्टर 33 में बूथ नंबर 12 पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम सुना गया। सेक्टर प्रधान धर्मबीर पानू के नेतृत्व में पार्टीजनों व सेक्टरवासि यों ने यह कार्यक्रम सुना। प्रधान धर्मबीर पानू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम हर नागरिक पर गहरा प्रभाव छोड़ती है। इस कार्यक्रम में बारे में जितना सोचा था, उससे भी अधिक जानने व सीखने को मिला। प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम सुनने के बाद अनोखी उर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर भाजपा सिटी मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा, नवीन तनजो, बलबीर भुंबक, धर्मसिंह खटकड़, राव रामेश्वर दास, दिनेश कुमार व अन्य क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

पूर्व मंत्री ने रखी पशु चिकित्सालय की नींव

उकलाना मंडी। पूर्व मंत्री अनूप धानक ने हलके के गांव ढाड में 31 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पशु चिकित्सालय की नींव रखी। इस पशु चिकित्सालय से अनेक गांवों के ग्रामीणों को फायदा मिलेगा। पूर्व मंत्री अनूप धानक ने कहा कि यह ग्रामीणों की मांग थी जिस पर यहां सरकार की ओर से पशु चिकित्सालय का निर्माण किया जा रहा है। पशुओं में होने वाली बीमारियों पर भी अंकुश चिकित्साको के माध्यम से लगाया जा सकेगा। इस मौके पर टेकराम बयानाखेड़ा, बलजीत मलिक, परमजीत पूनिया, शमशेर पूनिया, सतीश पूनिया, धूपसिंह थाकन, संदीप कुंडू, कृष्ण डागर मौजूद रहे।

नव संवत पर भाविप ने किया हवन-यज्ञ

उकलाना मंडी। भारत विकास परिषद शाखा उकलाना द्वारा नव संवत्सर 2082 के आगमन पर श्री सनातन धर्म मंदिर उकलाना मंडी में हवन यज्ञ किया गया तथा मीठे चावल का प्रसाद बांटा। भारत विकास परिषद विक्रम संवत 2082 पर हर वर्ष मंदिर में हवन तथा मीठे चावलों का प्रसाद वितरित किया जाता है और हर वर्ष पंचांग कैलेंडर का भी विमोचन होता है। इसी कड़ी में 2082 का पंचांग कैलेंडर का विमोचन भी हुआ। इस मौके पर अध्यक्ष पुण्यकीर्ति शर्मा, सचिव सुनील गर्ग, पूर्व अध्यक्ष कृष्ण चंद शर्मा, गौरव गुप्ता सीए, प्रांतीय संयोजक महेंद्र दहमनिय आदि काफी संख्या में सदस्य मौजूद थे।

नवरात्र में श्रद्धालुओं ने प्रज्वलित की 101 ज्योतें

हिसार। श्री श्याम मंदिर सेक्टर 16-17 में चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष में 101 भक्तों ने अपने परिवार की तरफ से माता रानी के दरबार में ज्योत प्रवज्जलित कर परिवार एवं राष्ट्र के सुख समृद्धि के कामना की। सुबह भक्तजन नारियल एवं प्रसाद लेकर मंदिर पहुंचे एवं पुजारी जी ने मंत्रो उच्चारण एवं पूर्ण विधि विधान के साथ ज्योत लगवाई। आरती पश्चात भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया।

कबड्डी देखने आए युवक का मोटरसाइकिल चोरी

फतेहाबाद। वाहन चोरों ने गांव अमानी में कबड्डी टूर्नामेंट देखने आए एक युवक का मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे सदर टोहाना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव जमालपुर शेखां निवासी बलराज सिंह ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांव अमानी में आयोजित कबड्डी के मुकाबले को देखने के लिए गया था।

लिंक पर क्लिक करते ही खाते से रुपये गायब

फतेहाबाद। रतिया में एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया। व्हाट्सएप पर आए लिंक पर क्लिक करते हुए युवक के खाते से हजारों रुपये निकल गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव लुठेरा निवासी मनप्रीत सिंह ने कहा है कि उसका कोटक महेन्द्रा बैंक में खता है। गत दिवस उसके व्हाट्सएप नंबर पर एक लिंक आया। जैसे ही उसने उक्त लिंक पर क्लिक किया तो उसके बैंक खाते से 2200 रुपये निकल गए।

विकास परिषद मंडी ने बनाया हिंदू नववर्ष

आदमपुर। भारत विकास परिषद् शाखा मंडी आदमपुर द्वारा हिन्दू नव वर्ष विक्रमी संवत 2082 को हर्षोल्लास से मनाया गया। चैत्र माह शुक्ल पक्ष प्रतिपदा विक्रमी संवत 2082 के अवसर पर रामदेव मंदिर में ललित आर्य सदलपुरिया, अशोक आर्य व राजेश शर्मा द्वारा हवन करवाया गया तथा श्रीमती व राजकुमार मित्तल यजमान रहे। शाखा सचिव प्रेम काजला ने बताया कि इस यज्ञ में आरएसएस से सूबेसिंह व परिषद के अधिकांश सदस्यों ने आहुति डाली और नए वर्ष पर सबके लिए मंगलकामना की। इस दौरान कोषाध्यक्ष दीपक गोयल व अन्य वरिष्ठ सदस्य कृष्ण दत्त धमीजा, गुलशन खेत्रपाल, चंद्रशेखर शर्मा, मुकेश भूटानी, संदीप सिंगला, मुनीष ऐलावादी, राजकुमार गोयल, अशोक कथूरिया, मनोज बंसल, महेश मनोचा, आदि शामिल हुए।

भारतीय नववर्ष पर गुजविप्रौवि में हवन व जागरण का आयोजन

भारतीय नववर्ष वैज्ञानिक और ऋतु के अनुसार : प्रो. नरसीराम बिश्नोई

भारतीय प्राचीन ज्ञान परंपरा को विश्व की श्रेष्ठ ज्ञान परंपरा बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार । हवन में जंभवाणी का पाठ करते कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई व विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डा. वंदना बिश्नोई।

हिसार । हवन यज्ञ के अवसर पर अपने विचार रखते कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने कहा है कि भारतीय नववर्ष पूरी तरह वैज्ञानिक व भारतीय ऋतु अनुसार है। भारतीय प्राचीन ज्ञान परंपरा विश्व की श्रेष्ठ ज्ञान परंपरा है।

कुलपति नरसी राम बिश्नोई रविवार को विश्वविद्यालय के धार्मिक अध्ययन संस्थान परिसर में भारतीय नववर्ष के उपलक्ष्य पर हवन यज्ञ व जागरण में अपने विचार रख रहे थे। गुरू जंभेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान के सौजन्य से हुए इस आयोजन में विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डा. वंदना बिश्नोई भी इस अवसर पर उनके साथ उपस्थित रही। अध्यक्षता धार्मिक अध्ययन संस्थान के चेयरमैन प्रो. किशनाराम बिश्नोई ने की कुलपति प्रो. नरसी ने इस अवसर पर कहा कि इस आयोजन से विश्वविद्यालय परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को नववर्ष की शुभकामनाएं दी तथा विश्वविद्यालय के लिए सुख समृद्धि की कामना की।

गुरू जंभेश्वर जी धार्मिक अध्ययन संस्थान परिसर में कुलपति ने सर्वप्रथम ध्वजारोहण किया। तदुपरांत उन्होंने गुरू जंभेश्वर जी महाराज मंदिर में नमन किया। डा. वंदना बिश्नोई के साथ मुख्य यजमान के रूप में हवन यज्ञ में आहुति अर्पित की। भंडारे का भी आयोजन किया गया।

श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों का आनंद लिया

इससे पूर्व नववर्ष की पूर्व संध्या पर धार्मिक अध्ययन संस्थान परिसर में जागरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गुरू जंभेश्वर जी महाराज की शिक्षाओं तथा सनातन पद्धति पर आधारित गीतों व भजनों का गायन किया गया। इस आयोजन में भी श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों का खूब आनंद लिया। इस अवसर पर कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रो. संदीप राणा, प्रो. संजीव कुमार, प्रो. कर्मपाल तथा प्रो. खजान सिंह सहित अन्य वरिष्ठ शिक्षक व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

हिसार। कुलेरी में हिंदू नव वर्ष पर हवन करते संगठनों के पदाधिकारी व सदस्य।

कुलेरी में हिंदू नववर्ष पर 11 कुण्डीय हवन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- अपना भारतीय नव वर्ष मनाएं और संस्कृति को जीवित रखें

हिंदी नव वर्ष के अवसर पर गौपुत्र सेना, पतंजलि योग समिति व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से गांव कुलेरी के शिव हनुमान मंदिर में 11 कुण्डीय यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के प्रभारी वीरेंद्र वडाला मुख्य अतिथि रहे।

पुजारी विकास शास्त्री ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन शुरू कराया। इस दौरान गौपुत्र सुनील क्रांतिकारी ने हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2082 का स्वागत करते हुए सभी साधकों को हिंदू नव वर्ष की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम पाश्यात्य संस्कृति की ओर बढ़ते हुए हमारी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं जो कि भविष्य के लिए अच्छा नहीं है। इसलिए अपना भारतीय नव वर्ष मनाएं और अपने संस्कृति को जीवित रखें। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी वीरेंद्र बडाला साधकों से प्रतिदिन योग करने की अपील किया। उन्होंने योग द्वारा बीमारियों के ठीक होने और दिनचर्या में शामिल करने को कहा जिससे कि हम स्वस्थ रह सके। इस अवसर पर गौपुत्र सेना अग्रोहा अध्यक्ष अमनदीप, विकास योगी, विजेंद्र थोरी, सतवीर, जगन्नाथ, नोरतन महता, रविंद्र, प्रवीण, मनीषा, सुमन, पवन महता सहित अन्य उपस्थित रहे।

ईश्वर सिंह मालवाल को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

- कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने मालवाल को श्रद्धासुमन अर्पित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार । स्व. ईश्वर मालवाल के निधन पर शोक जताते मंत्री रणबीर गंगवा व अन्य।

कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने सेक्टर 9-11, हिसार स्थित निवास पर पहुंचकर स्वर्गीय ईश्वर सिंह मालवाल को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि स्वर्गीय ईश्वर सिंह मालवाल एक समाजसेवी और नेकदिल इंसान थे, जिन्होंने समाज सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका असामयिक निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने परिवारजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।हिसार विधायक सावित्री जिंदल ने भी मालवाल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में वह परिवार के साथ हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय ईश्वर सिंह का सामाजिक योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। इस अवसर पर हिसार विधायक सावित्री जिंदल, पूर्व चैयरमैन सतबीर सिंह वर्मा, पूर्व विधायक जोगीराम सिहाग, राजस्थान माटी कला बोर्ड के चेयरमैन प्रहलाद राय टांक, जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग डाटा, पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला, भाजपा नेता श्रीनिवास गोयल, राजेन्द्र सूरा, बृजलाल बहबलपुर सहित कई सामाजिक संगठनों के सदस्यगण भी मौजूद रहे।

सफाई अभियान चलाया

नवरात्रों की शुरुआत पेंटिंग और पौधरोपण के साथ की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार । अभियान में हिस्सा लेते हमारा प्यार हिसार के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

'हमारा प्यार-हिसार' व 'ग्रीन हिसार फिट हिसार' की टीमों ने रविवार को बारा मोहल्ला में स्थित पटवार खाना की दीवार पर पेंटिंग की व क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। इस स्थान पर मलबे व कूड़े के ढेर लगे हुए थे।

अभियान में वार्ड के पार्षद मोहित सिंगल मौजूद रहे। उनकी पहल पर सफाई अभियान में निगम कर्मी भी शामिल हुए। इस अवसर पर पौधारोपण और पेड़ों की छंगाई भी की गई। अभियान में सुशील खरींटा, डॉ. सुरेंद्र गर्ग, प्रो. हरीश भाटिया, अदेश मलिक, कमल भाटिया, डॉ. रमेश भाटी, कृष्ण शर्मा, सरिता, राजेंद्र कुमार, राजेंद्र गहलोत, त्रिलोक बंसल, जितेन्द्र सैनी, जितेंद्र बंसल, गगन मेहता, नरेश सिंगल, डॉ. नरेश राखा, चंद्रकांत स्वामी, शंकर, महेन्द्र भाटिया, भारत भाटिया, रेखा गर्ग, ममता छाबड़ा, सचिन, सुहासिनी, विजय कादियान, युद्धवीर पानू, दिनेश बंसल, सत्येंद्र यादव, प्रवीण अग्रवाल, चिराग़, राघव, जैस्मिन, अभिमन्यु पुनिया, नीतू, शिवी, नियति व अभिमन्यु शामिल हुए।

नवीनतम नवाचारों को समझा

गुजवि के विद्यार्थियों ने लिया मेडिकल एक्सपो में भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार । मेडिकल एक्सपो-2025 में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का दल।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के बीएससी. एमआईटी और बीटेक ईबीएमई के विद्यार्थियों ने भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित मेडिकल एक्सपो-2025 में भाग लिया।

इस एक्सपो में 400 से अधिक कंपनियों ने हिस्सा लिया, जिससे छात्रों को मेडिकल इंडस्ट्री के नवीनतम नवाचारों को करीब से समझने का अवसर मिला। अलाइड हेल्थ साइंसेज विभाग की इंचार्ज डॉ. अंजू गुप्ता ने बताया कि इस प्रकार की विजिट छात्रों को शैक्षणिक ज्ञान और उद्योग जगत के बीच की खाई को पाटने में मदद करती हैं। छात्रों ने मेडिकल इमेजिंग, बायोमेडिकल उपकरणों और हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अत्याधुनिक नवाचारों का अनुभव किया। एक्सपो में उद्योग विशेषज्ञों से बातचीत कर और नवीनतम तकनीकों को देखकर, छात्रों को इस क्षेत्र में अपने भविष्य को संवारने की प्रेरणा मिली। यह दौरा कक्षा से परे एक बहुमूल्य शैक्षणिक अनुभव साबित हुआ।

प्रथम नवरात्र पर प्रज्ज्वलित की अखंड ज्योतें

- सिद्ध हनुमान मंदिर मंडल ट्रस्ट मोती बाजार में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार। हनुमान मंदिर, मोती बाजार में आरती करते मंदिर ट्रस्ट के प्रधान रमेश कुमार लोहिया व भक्तजन। फोटो : हरिभूमि

शहर के मध्य स्थित सिद्ध हनुमान मंदिर मंडल ट्रस्ट, मोती बाजार में प्रथम नवरात्र पर पिछले नवरात्रों की तरह, इस बार भी प्रातः मां भगवती, मां काली एवं मां संतोषी के दरबारों के सम्मुख सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली, सैकड़ों अखंड ज्योतें प्रज्जवलित की गई, जो अष्टमी की मध्य रात्रि तक जलती रहेंगी।

सभी ज्योतें दिन-रात अखंड जलती रहें, इसके लिए मंदिर ट्रस्ट ने दिन व रात के लिए अलग-अलग ब्राह्मणों की व्यवस्था की है। अखंड ज्योतों के प्रज्जवलन के बाद मां भगवती की आराधना मंगल आरती करके भोग लगाया गया। पूरा मंदिर माता के जयकारों से गूंज उठा। उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को हलवा, छोले, पेड़ा, पेठा मिठाई, फल के प्रसाद के साथ माता के दरबार का खजाना व माताओं को अटल सुहाग की भेंट दी गई। मंदिर के प्रधान रमेश कुमार लोहिया एवं महासचिव अनूप गुप्ता ने बताया कि आज से मंदिर के पुजारी पंडित राजेश शास्त्री के सान्निध्य में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा मां दुर्गा सप्तशती पाठ का भी शुभारंभ किया गया, जिनका 5 अप्रैल को श्रीदुर्गा अष्टमी पर हवन-कन्या पूजन व प्रसाद वितरण के साथ समापन होगा। मंदिर में आने वाले भक्तों की अपार भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एवं सभी भक्तों को हर संभव सहयोग देने के लिए मंदिर के पदाधिकारी सज्जन गुप्ता, अमित गुप्ता, सुदेश सोनी, संजीव शर्मा, महेन्द्र बंसल, परसराम गर्ग, अनिल जिंदल, श्यामलाल चक्की वाले, ओमप्रकाश गर्ग, रोशनलाल गोयल, त्रिलोक नाथ डालमिया, राजीव जिंदल, सुभाष सोनी, जयदेव गुप्ता, पवन कुमार, आदि पूरी लगन से सेवा में लगे रहे।

निर्माणाधीन मकान के बाहर से ईंटों की चोरी

हांसी। उत्तम नगर कालोनी में अज्ञात चोर निर्माणाधीन मकान के बाहर रखी ईंटें चुराकर ले गए। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आवास मालिक दुर्गा कालोनी निवासी सुरेंद्र कुमार की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मकान मालिक के अनुसार उसने मकान निर्माण के लिए घर के बाहर गली में 700-800 ईंट रखी हुई थी और 29 मार्च को सुबह जब में अपने उत्तम नगर वाले प्लॉट में निर्माणाधीन मकान को संभालने के लिये गया तो उसके मकान के बाहर गली में रखी ईंटें गायब मिली।

बाडो पट्टी टोल आज से होगा महंगा

- टोल टैक्स तीन प्रतिशत बढ़ा दिया गया है : मैनेजर गंगाधर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

हिसार मार्ग पर स्थित बाडो पट्टी टोल से गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए एक अप्रैल से वाहन चलाना महंगा हो जाएगा। एक अप्रैल से बाडो पटटी टोल से गुजरने वाले वाहन चालकों का टोल टैक्स बढ़ा दिया जाएगा। टोल टैक्स में प्रत्येक वर्ष इजाफा होता जा रहा है। जनरल मैनेजर गंगाधर ने बताया कि बाडो पट्टी टोल पर एक अप्रैल से वाहनों का टोल टैक्स बढ़ाकर लिया जाएगा। यह टोल टैक्स तीन प्रतिशत बढ़ा दिया गया है। कार का टोल टैक्स 120 रुपए से बढाकर 125 रुपए कर दिया गया है। ट्रक का टोल टैक्स 410 रुपए से बढ़ाकर 425 रुपए कर दिया गया है। इसके अलावा 4 से 6 एक्सेल वाहनों का टोल टैक्स 645 रूपये से बढ़ाकर 670 रूपये कर दिया गया है। मासिक पास के टोल टैक्स में भी बढ़ोतरी कर दी गई है।

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में स्वच्छता अभियान चलाया

आदमपुर। राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, मंडी आदमपुर में रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसका उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखना है। इस अभियान में एचकेआरएनएल कर्मचारियों, स्टाफ सदस्यों और छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया व मिलकर पूरे संस्थान की सफाई की। इस अवसर पर फार्मेसी विभागाध्यक्ष राकेश शर्मा, प्रवक्ता बिजेंद्र, गुलशन कुमार और सोमबीर मौजूद रहे। प्रवक्ता गुलशन कुमार ने स्वच्छता बनाए रखने और समाज में स्वच्छता का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया।

हिसार । स्वास्थ्य जांच करते लैब कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

गरीब, बेसहारा व मजदूरों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारत विकास परिषद वीर शाखा की ओर से टाटा 1एमजी लैब, सेक्टर 13 के साथ मिलकर सेक्टर 13, 16 व 9-11 क्षेत्र में रहने वाले गरीब, बेसहारा व मजदूरों के लिए फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 50 से अधिक व्यक्तियों की रक्त जांच की गई तथा फ्री दवाई उपलब्ध करवाई गई। टाटा 1एमजी लैब, सेक्टर 13 हिसार के ओनर परमवीर न्योलिया ने बताया कि कैंप में शुगर फास्टिंग/रेंडम, यूरिक एसिड, कैल्शियम तथा कोलेस्ट्रॉल टोटल की निःशुल्क जांच की गई। शिविर में डॉ. वेद प्रकाश नरूला द्वारा भारत विकास परिषद वीर शाखा के तहत फ्री दवाइयां भी प्रदान की गई।

आयोजन | समर्थगुरू सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वावधान में साधकों को 'संडे ध्यान' करवाया

सर्वोत्तम साधना है प्रेम : आचार्य बसंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार । कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में भाग लेते साधक।

समर्थगुरू सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वावधान में समर्थगुरू संघ ने कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में आज संडे ध्यान का कार्यक्रम आयोजित किया। यह सेशन आचार्य बसंत ने लिया।

सेशन में आचार्य बसंत ने कुंडलिनी ध्यान करवाया। आचार्य ने कुंडलिनी ध्यान करवाते हुए कहा कि कुंडलिनी ध्यान एक विशेष प्रकार की ध्यान प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य शरीर में सुप्त ऊर्जा को जागृत करना है। यह प्रक्रिया योग और तंत्र पर आधारित है और इसे आत्मिक विकास व आध्यात्मिक अनुभव के लिए किया जाता है। कुण्डलिनी को सर्पिणी शक्ति या सुप्त ऊर्जा कहा जाता है, जो रीढ़ की हड्डी के निचले भाग में स्थित होती है। जब यह शक्ति जागृत होती है, तो यह रीढ़ के सात चक्रों को पार करती हुई सहस्रार चक्र तक पहुंचती है। इसे आत्म-साक्षात्कार और परम ज्ञान की प्राप्ति का मार्ग माना जाता है। इस ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति और आत्मज्ञान का अभ्यास किया जाता है। तीसरे चरण में, कुंडलिनी ऊर्जा को जागृत करने का अभ्यास किया जाता है। इस अभ्यास में, योगी कुंडलिनी ऊर्जा को सुषुम्ना नाड़ी के माध्यम से ऊपरी चक्रों में ले जाने के लिए विभिन्न प्राणायाम, मंत्र और ध्यान की तकनीकों का उपयोग करता है।

कुंडलिनी ध्यान की दी जानकारी

कुंडलिनी ध्यान के प्रकार और तकनीकें विभिन्न हो सकती है और यह आध्यात्मिक गुरु या आध्यात्मिक शिक्षक के मार्गदर्शन में किया जाता है। यह ध्यान प्रणाली शारीरिक, मानसिक, और आध्यात्मिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए प्रभावी मानी जाती है, लेकिन इसे अनुभव करने के लिए धैर्य, समर्थन और प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। ध्यान के बाद समर्थगुरू संघ हरियाणा के संयोजक आचार्य सुभाष ने हमारे जीवन ध्यान के महत्व पर विस्तार से महत्व बताते हुए समर्थगुरू संघ के कार्यक्रमों के बारें चर्चा की।